GST NO. 07AAACE1747M1ZJ
CIN U20299DL1986 NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070
Tel: 91-11-26135256
Email: mails@epch.com
Fax: 91-11-26135518,26135519
web: www.epch.in

PRESS RELEASE

EPCH ORGANISED WEBINAR ON INTERNATIONAL TRADE RISK MITIGATION THROUGH ECGC

New Delhi – 28th February, 2020 - The ongoing Covid-19 crisis across the world has disrupted the business environment in an unprecedented manner. The businesses across sectors are suddenly finding themselves in the face of multiple challenges at the same time including growing liquidity crunch, supply chain breakdowns, labour shortages and falling revenues due to depressed consumer demand. In such a scenario, exporters are facing the double whammy of disrupted manufacturing operations at home and payment risks emanating from buyer's side. In order to support the exporters to surmount the business challenges amid ongoing Covid-19 crisis, ECGC has undertaken various measures to support the exporter policyholders and hence a webinar on **International Trade Risk Mitigation through ECGC.** Mr. Saurabh Srivastava, Branch Manager, Delhi, SME branch ECGC as expert faculty was organised by EPCH.

Shri Ravi K. Passi, Chairman – EPCH, Shri Raj Kumar Malhotra, Vice Chairman – EPCH and Shri R.K. Verma, ED –EPCH, Mr. Rajuesh Kumar Jain, Exmart International & President – Social Media – EPCH, Mr. Nabeel Ahmad, COA – Member-EPCH, Mr. Rishi Tulsyan of Deco De Trend, Chennai and Mr. Ijlal Shamsi, Paramount Home Collections, Moradabad took part in the webinar.

Mr. R.K. Passi, Chairman – EPCH while speaking on the occasion said that ECGC should not take time to pay to the exporters on filing the application and urged ECGC to settle the claims at the earliest.

Shri R.K. Verma, Executive Director – EPCH said that businesses all around the world are facing tough situation, today's webinar deliberated on risks which the exporters face in the International business specific to the payment from overseas buying community and in order to mitigate the risks, ECGC provides various policy covers to small and medium exporters to safeguard them from such risks. Mr. Verma appreciated that under the circumstances, ECGC have modified their policies to provide the support to the Indian exporters.

Shri Saurabh Srivastava, Branch Manager, ECGC while addressing the participants explained the role and mission of ECGC which is to provide cost effective services to the Indian exporters. During covid 2019 pandemic, exporters are facing problems and ECGC have taken various measures which included extending time line for all returns upto 31/5/2020, time line for claim, waiver of credit guarantee application fee till 30th June, 2020 and 50% reduction in policy proposal fee for policies due to renewal from March 020 to till 30th June, 2020 and many more.

Mr. Rajesh Jain, Exmart International and Incharge Social media – EPCH said that taking of cover of ECGC is very important to save the business which has been set up by every individual exporter with the hard earned money. He also said that number of exporters do not take seriously taking ECGC cover and said in recent past due to cancellation of orders by very creditworthy buyers, exporters who had taken ECGC cover are feeling secure and those who did not are facing difficulty.

Mr. Rishi Tulsyan, Deco De Trend, Chennai said that webinar on the subject was the need of the hour and policy of ECGC is like shield to the business of the Indian exporter. He asked from the expert that is there any provision made by ECGC to provide cover before the shipment and how ECGC will cope up

with credit worthiness of the buyers who are cancelling the orders.

Mr. Raj Kumar Malhotra, Vice Chairman – EPCH speaking on the occasion said that ECGC should introduce ease of doing business as their terms for releasing payment to the affected exporters are very cumbersome and handicrafts sector belongs to small and small and medium exporters who do not have such set up to comply with their terms.

While agreeing with Mr. Rajesh Jain and Mr. Raj Kumar Malhotra, another panellist Mr. Nabeel Ahmad, COA member EPCH talked about ease of doing business by ECGC, pre-shipment cover, cover for new buyers and also provide SOP for air shipments.

Mr. Ijlal Shamsi, Paramount Home Collections, Moradabad said that so far he has not faced any difficulty in payment with the buyers but on the observations of other panelists he also stressed that ECGC should implement ease of doing business. He advised a portal should be made available where exporters can register the name of buyers and data of defaulted buyers should be maintained for credit worthiness of the buyers.

In the end, the expert Mr. Saurabh Srivastava answered all the questions of the participants and webinar ended with offering thank to the expert, panellists and participants. Over 500 participants joined the webinar and also viewed live on Facebook.

For more information please contact
Mr. Rajesh Rawat, Joint Director – EPCH - +91-9810423612

GST NO. 07AAACE1747M1ZJ CIN U20299DL1986 NPL023253

EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070

Tel: 91-11-26135256 Email: kolkata@epch.com

Fax: 91-11-26135518,26135519 web: www.epch.in

20 April, 2020

प्रेस विज्ञप्ति

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार संकट और ई.सी.जी.सी के जरिए उसके निवारण पर वेबिनार आयोजित किया

नई दिल्ली- 28 अप्रैल,2020, कोविड 19 महामारी के संकट ने वैश्विक स्तर पर कारोबारी माहौल को अभूतपूर्व ढंग से नुकसान पहुंचाया है। सभी सेक्टरों में व्यापार को अब कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ तो लिक्विडिटी की समस्या है तो वहीं सप्लाई चेन के टूटने, श्रमिकों की कमी, ग्राहकों की घटती मांग की वजह से राजस्व की कमी जैसी समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है।ऐसी परिस्थिति में निर्यातकों को मैन्यूफैक्चरिंग के काम रुकने और ग्राहकों से भुगतान के बढ़ते जोखिम की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। कोविड 19 के संकट के बीच निर्यातकों को उनके व्यापार की चुनौतियों से जूझने में मदद करने के लिए एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन (ई.सी.जी.सी) ने कई कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में निर्यातकों और नीतिनिर्धारकों के लिए एक वेबिनार- इंटरनेशनल ट्रेड रिस्क मिटिगेशन थ्रू ई.सी.जी.सी का आयोजन किया गया। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के तत्वाधान में श्री सौरभ श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक, दिल्ली, एसएमई शाखा, ई.सी.जी.सी ने इस वेबिनार में विषय विशेषज्ञ के तौर पर शिरकत की।

इस वेबिनार में ईपीसीएच के चेयरमैन श्री रवि.के.पस्सी, वाइस चेयरमैन श्री राजकुमार मल्होत्रा और कार्यकारी डायरेक्टर श्री आर.के.वर्मा, एक्समार्ट इंटरनेशनल और सोशल मीडिया,ईपीसीएच, के प्रेसिडेंट राजेश कुमार जैन, श्री नबील अहमद, सीओए-मेंबर ईपीसीएच, डेको डे ट्रेंड चेन्नई के श्री ऋषि तुलस्यान, पैरामाउंट होम कलेक्शन्स,मुरादाबाद के श्री इज़लाल शम्सी ने हिस्सा लिया।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन आर.के.पस्सी ने इस मौके पर कहा कि ईसीजीसी को निर्यातकों के आवेदन पर भुगतान करने में देर नहीं करनी चाहिए और अपील की कि ईसीजीसी उनके दावों का त्वरित निस्तारण करे।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने कहा कि पूरी दुनिया में व्यापारों को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि आज के वेबिनार में हमने उन जोखिमों के बारे में विमर्श किया जो निर्यातकों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और खासकर वे जोखिम जो ग्राहक समुदाय के भुगतान से जुड़े हैं। इन जोखिमों को कम करने में ई.सी.जी.सी विदेशी छोटे और मध्यम निर्यातकों को कई प्रकार के पॉलिसी कवर भी देता है। श्री वर्मा ने इन परिस्थितियों में ई.सी.जी.सी द्वारा अपनी नीतियों में बदलाव कर भारतीय निर्यातकों को राहत पहुंचाने वाले कदमों की सराहना भी की।

ई.सी.जी.सी के शाखा प्रबंधक श्री सौरभ श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ई.सी.जी.सी की भूमिका और मिशन से अवगत कराया जिसमें वे भारतीय निर्यातकों को किफायती सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। कोविड 19 की वजह से निर्यातकों को बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और ई.सी.जी.सी ने निर्यातकों को राहत पहुंचाने के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें सभी तरह के रिटर्न्स की समय सीमा को 31 मई 2020 तक बढ़ा दिया गया है, क्लेम के लिए टाइमलाइन और क्रेडिट गारंटी की छूट की अवधि को 30 जून 2020 तक बढ़ा दिया गया है, इसके साथ ही पालिसियों के मार्च 2020 से लेकर 30 जून 2020 तक नवीनीकरण के कारण पॉलिसी प्रपोजल शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती और ऐसे कई कदम उठाए हैं।

ईपीसीएच के सोशल मीडिया प्रभारी और एक्समार्ट इंटरनेशनल के श्री राजेश जैन ने कहा कि ई.सी.जी.सी का पॉलिसी कवर लेना हर एक व्यापारी की कड़ी मेहनत की कमाई से स्थापित किए गये व्यापार को बचाने के लिए बहुत जरुरी

है। उन्होंने ये भी कहा कि बहुत से निर्यातक ई.सी.जी.सी के पॉलिसी कवर को गंभीरता से नहीं लेते हैं और बताया कि हाल के दिनों में बहुत ही विश्वसनीय ग्राहकों द्वारा भी आर्डर निरस्त किए जाने की वजह से जिन निर्यातकों ने ये पॉलिसी कवर लिए थे वे सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, पर जिन्होंने ये कदम नहीं उठाया था उन्हें बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

डेको डे ट्रेंड, चेन्नई के श्री ऋषि तुलस्यान ने कहा कि ये वेबिनार समय की जरुरत था और ई.सी.जी.सी का पॉलिसी कवर भारतीय निर्यातकों के लिए एक ढ़ाल की तरह है। उन्होंने विषय विशेषज्ञ से पूछा कि क्या ई.सी.जी.सी द्वारा शिपमेंट के पहले भी पॉलिसी कवर का कोई प्रावधान किया गया है और कैसे ई.सी.जी.सी उन खरीदारों की क्रेडिट के साथ निपटने वाला है जो इस समय आर्डर रद कर रहे हैं।

ईपीसीएच के वाइस चेयरमैन श्री राजकुमार मल्होत्रा ने इस मौके पर कहा कि ई.सी.जी.सी को प्रभावित निर्यातकों के भुगतान में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लागू करना चाहिए। इस समय संकट बहुत बड़ा है और हस्तशिल्प सेक्टर के छोटे और लघु निर्यातकों के पास ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि वो अपने संकट से जूझते हुए सारे नियमों और शर्तों का भी पालन कर सकें।

श्री राजकमार मल्होत्रा और श्री राजेश जैन से सहमत एक अन्य पैनलिस्ट और ईपीसीएच के सीओए सदस्य श्री नबील अहमद ने कहा कि ईसीजीसी को प्री-शिपमेंट कवर, नए ग्राहकों के लिए कवर और एयर शिपमेंट के लिए एसओपी जारी करने में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस लागू किया जाए।

पैरामाउंट होम कलेक्शन्स, मुरादाबाद के श्री इजलाल शम्सी ने कहा कि अभी तक उन्हें अपने खरीददारों से किसी प्रकार के भुगतान संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा है लेकिन अपने साथी पैनलिस्टों के अनुभवों के आधार पर वो भी ये चाहते हैं कि ई.सी.जी.सी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस लागू करे। उन्होंने सलाह दी कि एक ऐसा पोर्टल बनाया जाना चाहिए जहां निर्यातक अपने खरीददारों के नाम और डिफाल्टर ग्राहकों के डेटा पंजीकृत कर सके जिससे खरीददारों की विश्वसनीयता को सुनिश्चित किया जा सके।

अंत में श्री सौरभ श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों के हर सवाल का जवाब दिया और वेबिनार को सभी विशेषज्ञों, पैनलिस्ट और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाप्त किया गया। इस वेबिनार को करीब 500 लोगों ने फेसबुक पर लाइव देखा और इसमें टेक्नोलॉजी के माध्यम से शामिल हुए।

ज्यादा जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें
श्री राजेश रावत, संयुक्त निदेशक, ईपीसीएच- +91-9810423612

Follow us on #epchindia